

नवभारत
भोपाल, शुक्रवार , 28 अगस्त 2026

# मूसलाधार बारिश ने जिले भर में मचाया कोहराम

**जिले की सीमाओं का आवागमन रहा प्रभावित**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने किया भराव क्षेत्र का निरीक्षण**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते विभिन्न नदी-नालों एवं पुल-पुलियाओं पर जलस्तर बढ़ने से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने गुरुवार को हीरानगर बावरी पुल सहित विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जलभराव एवं जल प्रवाह की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

टीकमगढ़-झांसी मार्ग पर दिगौड़ा के पास पुनोल नाला एवं दिगौड़ा बस्ती के सरपट नाला में लगातार बारिश के कारण करीब 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। सुरक्षा की दृष्टि से यहां पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित युवा आपदा मित्रों को भी मौके पर तैनात किया गया है।

इसी प्रकार अश्टौन चौकी अंतर्गत नचनवारा पुलिया पर पानी ऊपर होने के कारण आवागमन बंद कर दिया गया है। देहात थाना क्षेत्र के हीरानगर के पास पुलिया पर जलभराव के कारण रास्ता बंद है। हीरानगर बावरी पुल पर भी जलभराव की स्थिति का अधिकारियों ने निरीक्षण किया।लिधोराखास में पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। इकबालपुरा-मड़ियांव घाट पुल पर पानी पुल से करीब एक फीट ऊपर बह रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से यहां आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इसके अलावा खरों-महेवा चक्र रोड स्थित नाला तथा महेवा चक्र-03 कटेरा रोड स्थित सुखनई नदी पुल के ऊपर से भी तेज बहाव के साथ पानी निकलने की सूचना प्राप्त हुई है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव एवं तेज जलप्रवाह वाले सभी स्थानों पर सतत निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता के अनुसार तत्काल आवागमन प्रतिबंधित किया जाए। संबंधित एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी, पटवारी, पंचायत अमला तथा पीडब्ल्यूडी, एनएच, पीएमजीएसवाई सहित संबंधित एजेंसियों के साथ-साथ एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जलभराव वाले स्थानों पर नहीं जाने की अपील

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बारिश को देखते हुए नागरिकों से अपील की है कि जलभराव वाले पुल-पुलियाओं एवं नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें। तेज जलप्रवाह वाले स्थानों से दूरी बनाए रखें तथा प्रशासन एवं पुलिस द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का पालन करते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहें। उन्होंने इसके साथ ही संबंधित एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी, पटवारी, पंचायत अमला तथा पीडब्ल्यूडी, एनएच, पीएमजीएसवाई सहित संबंधित एजेंसियों के साथ-साथ एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# बिजली लाईन पर पेड़ गिरने से खंभा क्षतिग्रस्त



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। गुरुवार को मेंटेनेंस कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। बरीघाट फीडर पर पंकज पेट्रोल पंप के पास बिजली लाइन पर पेड़ गिरने से एक खंभा टूट गया। इस घटना में मेंटेनेंस में लगे बिजली कर्मचारी बाल-बाल बच गए। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि बारिश, जलभराव के दौरान टूटे या नीचे पड़े विद्युत तार, विद्युत पोल और उपकरणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। स्वयं लाइन, विद्युत उपकरण को छूने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना दें।**

पेड़ गिरने से लाइन उसके नीचे दब गई, जिससे मुक्तिधाम रोड और इरीगेशन कॉलोनी सहित दो कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लगातार बारिश के कारण सुधार कार्य में देरी हो रही है, जिससे विद्युत कंपनी के सामने आपूर्ति सुचारू बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है।तेज बारिश और हवा के कारण जिले के कई अन्य स्थानों पर भी पेड़ों की डालियां और बेलें विद्युत लाइनों के संपर्क में आ रही हैं, जिससे स्थानीय तकनीकी फॉल्ट उत्पन्न हो रहे हैं। शिकायतें मिलते ही विभाग की टीमें संबंधित क्षेत्रों में लाइन की पेट्रोलिंग कर फॉल्ट चिन्हित कर रही हैं और सुधार कार्य कर आपूर्ति सामान्य कर रही हैं।शहर सहायक अभियंता नितिन बाथम ने जानकारी दी कि शहर की विद्युत व्यवस्था के लिए चार टीमें लगातार 24 घंटे कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मौसम की स्थिति को देखते हुए अधिकारी भी फील्ड में रहकर विद्युत व्यवस्था और शिकायतों की लगातार निगरानी कर रहे हैं।बाथम के अनुसार, विभाग का प्रयास है कि किसी भी तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति प्रभावित होने पर न्यूनतम समय में सुधार कर सप्लाई बहाल की जाए। लगातार बारिश के बावजूद विद्युत कर्मचारी आवश्यक सुरक्षा सावधानियां रखें।

# खाद की मांग को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज, पलेरा। जिले की पलेरा तहसील क्षेत्र के किसानों ने खाद वितरण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार पलेरा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि मार्केटिंग सोसायटी में समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है।**

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि उन्हें 27 अगस्त 2026 को खाद वितरण के लिए बुलाया गया था, लेकिन निर्धारित तिथि पर न तो कार्यालय खुला मिला और न ही खाद का वितरण किया गया। किसानों का आरोप है कि संबंधित कर्मचारियों ने खाद देने से इनकार करते हुए उन्हें वापस लौटा दिया। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी पात्र किसानों को शीघ्र खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय पर बुवाई एवं फसल संबंधी कार्य प्रभावित न हों। ज्ञापन पर विनोद यादव, भान सिंह यादव, दशाराम कुशवाहा, हरप्रसाद कुशवाहा, भैयालाल कुशवाहा, कमल प्रसाद सहित अन्य किसानों के हस्ताक्षर हैं।

## पासपोर्ट सेवा संचालित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक अधीक्षक डाकघर द्वारा बताया गया है कि प्रधान डाकघर में स्थापित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विदेश मंत्रालय के समन्वय से संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्देश्य नागरिकों को उनके निकट ही पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना है।**

सहायक अधीक्षक डाक घर ने नागरिकों से अपील की है कि पासपोर्ट संबंधी सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रधान डाकघर, पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा मे आए।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं आह्वान पर आज 27 अगस्त को समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर महंगाई के खिलाफ प्रतीकात्मक एवं प्रभावशाली विरोध प्रदर्शन किया गया।**

इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौराहा पर रचनात्मक एवं व्यंग्यात्मक प्रस्तुति के माध्यम से शक्कर, पेट्रोल-20, बिजली बिल और गैस सिलेंडर जैसी रोजमर्रा की जरूरतों पर बढ़ती महंगाई के खिलाफ आवाज़ बुलंद की गई। यह प्रदर्शन आम जनता की परेशानियों और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह, टीकमगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव संजय नायक , टीकमगढ़ नगर कांग्रेस अध्यक्ष गौरव शर्मा , टीकमगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनीश अहमद , इसरार मोहम्मद , लक्ष्मण रैकवार , अंकित जैन , राजीव जैन , नीतेश बिलगैया सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

## शासन द्वारा राशन के लिए निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।**

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।

# उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की अपील

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले के किसानों से रबी सीजन 2026-27 के लिए उर्वरकों का समय रहते अग्रिम उठाव करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा किसान अभी से फार्मर आईडी एवं ई-टोकन जारी कराकर अपने निकटतम विक्रय केंद्रों से उर्वरक प्राप्त करें।**

जिले में वर्तमान में कुल 17,240 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। डीएपी 4,617 मीट्रिक टन, यूरिया 7,695 मीट्रिक टन, एनपीके 2,167 मीट्रिक टन, एसएसपी 2,426 मीट्रिक टन तथा एमओपी 335 मीट्रिक टन शामिल है। किसान अपने फार्मर आईडी एवं ई-टोकन के माध्यम से निकटतम विपणन संघ के नगद विक्रय केंद्र, निजी उर्वरक विक्रेता, मार्केटिंग विक्रय केंद्र तथा पैक्स सदस्य सहकारी समितियों से रबी फसलों के लिए उर्वरक का अग्रिम उठाव कर सकते हैं। विक्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरक का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करें।

## हादसे में एक की मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिगौड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम बाइक और लोडिंग वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई।**

हादसे में बाइक सवार 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एक युवक को मामूली चोट आई है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है।हादसा दिगौड़ा कस्बे में पेट्रोल पंप के पास हुआ। बाइक पर चार युवक सवार होकर धर्मपुरा से बछौड़ा की ओर जा रहे थे।

# भाजपा प्रवक्ता ने सीएम को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज खरगापुर। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने खरगापुर तहसील क्षेत्र के किसानों, आम नागरिकों और अधिवक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र भेजा है।**

इस पत्र के माध्यम से उन्होंने खरगापुर तहसील कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी बलदेवगढ़ को सप्ताह में 3 दिन लिंक कोर्ट के रूप में बैठाने की व्यवस्था शुरू करने की मांग की है। व्यापक क्षेत्रफल और लंबी दूरी खरगापुर तहसील क्षेत्र काफी विस्तृत है, जिससे वर्तमान व्यवस्था में राजस्व संबंधी कार्यों के लिए स्थानीय लोगों को दूर बलदेवगढ़ जाना पड़ता है।समय और संसाधनों की बर्बादी- लंबी दूरी तय करने के कारण आम नागरिकों, किसानों और वकीलों को भारी असुविधा, अतिरिक्त समय और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कम से कम 3 दिन खरगापुर में बैठकर मामलों की सुनवाई करें।

# श्याम सागर तालाब की बंधान टूटी, गांव में बढ़ा खतरा



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच मोहनगढ़ तहसील के गांव बृजभानपुरा के श्याम सागर तालाब के बंधान की क्षतिग्रस्त स्थिति की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। बंधान की स्थिति को देखते हुए समय रहते किए गए प्रशासनिक हस्तक्षेप से बड़ा हादसा टल गया।**

मोहनगढ़ प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह को ग्रामीणों के द्वारा तालाब का बंधान क्षतिग्रस्त होने की जैसे ही सूचना प्राप्त हुई तहसीलदार ने तुरंत बरिष्ठ अधिकारियों के साथ जल संसाधन विभाग को अवगत कराया और तुरंत मौके पर पहुंची स्थिति देख ग्रामीणों की मदद से बंधान मरम्मत का कार्य शुरू किया और बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने बंधान का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से स्थिति की जानकारी ली। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाते हुए बंधान की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया।

## कल होगा कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में 07 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को जनसंवाद शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।**

28 अगस्त को रक्षाबंधन के त्यौहार पर शासकीय अवकाश होने के कारण ग्राम समर्रा में आयोजित मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत जनसंवाद शिविर का आयोजन 29 अगस्त को होगा। शिविर में तहसील के रिकॉर्ड सुधार के प्रकरणों का उसी दिन निराकरण होगा।

# गोली चलने की कहानी झूठी, सिर्फ मारपीट का मामला



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। टीकमगढ़ में देहात थाना अंतर्गत अनंतपुरा इलाके में बालाराम से मारपीट के मामले में राहुल राय और अभिषेक राय पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित बालाराम ने आरोप लगाया कि उसके साथ मारपीट की गई और गोली मारने की कोशिश की गई।**

मामला सामने आने के बाद जब पुलिस ने घटना की जांच शुरू की तो कहानी में नया मोड़ आ गया। बालाराम ने खुद को गोली लगने की बात कही थी, लेकिन डॉक्टर ने जांच के दौरान एक्स-रे कराया। एक्स-रे रिपोर्ट में गोली लगने की बात की पुष्टि नहीं हुई।इसके बाद गोली मारने की बताई गई कहानी पर सवाल खड़े हो गए।

मेडिकल जांच के बाद सामने आए तथ्यों ने पीड़ित के दावे को संदिग्ध बना दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अब सवाल यही है कि आखिर बालाराम ने गोली मारने की फर्जी कहानी क्यों रची और राहुल राय एवं अभिषेक राय पर लगाए गए मारपीट के आरोपों में कितनी सच्चाई है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सकेगी।

# परिषद के कार्यकताओं ने भरी हुंकार

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप टीकमगढ़ द्वारा प्रदेशव्यापी विद्यार्थी हुंकार अभियान' के तहत सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर के महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं एवं विद्यार्थियों से जुड़े शैक्षणिक विषयों को लेकर एक साथ सभी जिलों के कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा गया।**

ज्ञापन में महाविद्यालयों में पेयजल की उत्तम व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, खेल एवं स्पोर्ट्स सुविधाएं, छात्राओं के लिए गर्ल्स कॉमन रूम, सेनेटरी पैड मशीन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसी क्रम में टीकमगढ़ जिले में विद्यार्थी परिषद ने जिला संयोजक कपिल प्रजापति के नेतृत्व में अपर कलेक्टर एसपी मंडरा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में विद्यार्थी परिषद द्वारा सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जा रहा है। जिले के विद्यार्थी भी महाविद्यालयों की विभिन्न समस्याओं से प्रशासन को अवगत करा रहे हैं।

## गंदगी से बढ़ रहे मच्छर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।**




# समरसता संकल्प अभियान के तहत निकाली यात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जनजाति कार्य विभाग द्वारा सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में तथा जनजाति कार्य विभाग के जिला संयोजक मुकेश पालीवाल के निर्देशन में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत रथ यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा का विभिन्न ग्रामों में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणजनों द्वारा कलश दर्शन-पूजन कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है।**

सामाजिक समरसता संकल्प अभियान की रथ यात्रा जिले के विभिन्न ग्रामों से होते हुए बुड़ेरा, नारायणपुर, झिंगुआ एवं करमासन घाट पहुंची। इस दौरान ग्रामीणजनों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा एवं पुष्पमालाओं से यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात यात्रा बल्देवगढ़ पहुंची, जहां भी श्रद्धालुओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के समता, सद्भाव, सामाजिक एकता एवं मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

**पर्व** | भाई-बहिन के रिश्ते को मजबूत करने का त्योहार

# आज धूम-धाम से मनाया जाएगा प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन आज जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के बाजार राखियों और मिठाइयों से सजकर गुलजार नजर आ रहे हैं। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए तरह-तरह की राखियों की खरीदारी की है।**

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में कई दिनों से चहल-पहल बनी हुई है। दुकानों पर आकर्षक डिजाइन, बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां, पारंपरिक मौली और मोतियों से बनी राखियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर भी पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। पर्व के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करेंगी। भाई भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लेंगे। परिवारों में रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।वहीं, रक्षाबंधन का पर्व शुभ मुहूर्त के अनुसार मनाया जाएगा। इसे लेकर लोगों में शुभ समय को लेकर भी उत्सुकता बनी हुई है। बाजारों में बढ़ी भीड़ को देखते हुए दुकानदारों को इस पर्व से अच्छे कारोबार की उम्मीद है। शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रहने की संभावना है। देशर में रक्षाबंधन के पर्व की धूम देखने को मिली। बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए खरीददारी शुरू कर दी है। आज शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर के बाजार गुलजार हो चुके है। बाजार में अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

रक्षाबंधन पर्व धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे भाई-बहिन के रिश्ते को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है।

### जैन मंदिरों में भी हुई तैयारियां

जैन समाज में रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के सभी जैन मंदिरों में तैयारियां हुए पूरी जैन समाज में रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व नहीं, बल्कि देश, धर्म, संस्कृति, समाज एवं साधु-संतों की रक्षा का संकल्प लेने का पावन अवसर माना जाता है।इसे जैन परंपरा में धर्म रक्षा का पर्व' भी कहा जाता है।धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन श्रद्धालु प्रात:काल जिनालय पहुंचकर भगवान की साक्षी में रक्षासूत्र बांधते हैं।

